BSSC Inter class preliminary examination will be in August-September

पटना : राज्य में इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा अगस्त-सितंबर महीने में होगी. बिहार कर्मचारी चयन आयोग इसकी तैयारी को फाइनल करने में लगा है. चार चरणों में प्रारंभिक परीक्षा ली जायेगी और जुलाई में इसके शिड्यूल जारी कर दिये जायेंगे. 12,140 पदों के लिए होनेवाली इस परीक्षा में करीब 22 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे.

इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन का विज्ञापन एक सितंबर 2014 को निकला था और अक्तूबर तक आवेदन लिये गये थे. इसके बाद आवेदनों के शुद्धीकरण व आपत्तियां दर्ज कराने की प्रक्रिया भी दिसंबर महीने तक पूरी कर ली गयी थी, लेकिन इन प्रक्रियाओं के पूरी होने के डेढ़ साल बाद भी इंटर स्तरीय पदों के लिए परीक्षा नहीं हो सकी. मार्च 2015 से कई बार इसके शिड्यूल तय भी किये गये, लेकिन हर बार यह फेल हो गया और इसकी घोषणा नहीं की गयी.

बिहार कर्मचारी चयन आयोग ने इंटर स्तरीय पदों के साथ-साथ द्वितीय स्नातक स्तरीय 3646 पदों के लिए भी विज्ञापन निकाला था. इसकी प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और उसके बाद उसके परिणाम भी निकाल दिये गये हैं. जुलाई में शिड्यूल जारी कर दिया जायेगा. यह परीक्षा चार चरणों में होगी. हर चरण में करीब छह लाख अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने की उम्मीद है.

सुलझा ली गयी राशि की समस्या इंटर स्तरीय पदों की प्रारंभिक परीक्षा के लिए आयोग को राशि की कमी हो गयी थी. इसके लिए आयोग ने राज्य सरकार से आर्थिक मदद की मांग की थी. आयोग के सूत्रों की मानें तो आर्थिक मामला

सुलझा लिया गया है. हालांकि आयोग ने 22 लाख अभ्यर्थियों से भी परीक्षा शुल्क लिये थे. अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के प्रति अभ्यर्थी को 75 रुपये और सामान्य समेत अन्य कोटि के अभ्यर्थियों को 300 रुपये परीक्षा शुल्क के रूप में जमा किये जाने थे.

शिड्यूल अगले माह हो जायेगा फाइनल इंटर स्तरीय पदों की प्रारंभिक परीक्षा लेने की तैयारी की जा रही है. इसके शिड्यूल को अगले महीने तक मूर्त रूप दे दिया जायेगा. परीक्षा का आयोजन चार चरणों में करने की तैयारी हो रही है. जो समस्याएं थी वे भी लगभग दूर कर ली गयी हैं. ऐसे में समय पर समय पर परीक्षा ली जायेगी. परमेश्वर राम, सचिव, राज्य कर्मचारी चयन आयोग